

# पीवी सिंधु और आयुष ने जीत से किया चाइना ओपन का आगाज





**बीजिंग, 22 जुलाई. चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला दिन मिला-जुला रहा. महिला एकल में पीवी सिंधु और पुरुष एकल में आयुष शेट्टी ने शानदार जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि पुरुष युगल और मिश्रित युगल वर्ग में भारतीय खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा.**

युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने पहले दौर के मुकाबले में इंडोनेशिया के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन अल्वी फरहान को 21-17, 5-21, 21-17 से हराकर शानदार जीत दर्ज की. आयुष ने पहला गेम अपने नाम किया, लेकिन दूसरे गेम में वह पूरी तरह लय से भटक गए और केवल पांच अंक ही बना सके. इसके बावजूद उन्होंने निर्णायक गेम में शानदार वापसी करते हुए मुकाबला जीत लिया और अगले दौर में जगह पक्की कर ली. महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने हमवतन उन्नति हुड्डा के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की. हाल ही में जापान ओपन का खिताब जीतने वाली सिंधु को उन्नति से कड़ी चुनौती मिली. सिंधु ने पहला गेम 21-14 से जीता, लेकिन दूसरा गेम 9-21 से गंवा दिया. निर्णायक गेम में उन्होंने अपना अनुभव दिखाते हुए 21-10 से जीत दर्ज की और 56 मिनट तक चले मुकाबले के बाद दूसरे दौर में प्रवेश किया.

> पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारुनन और एम.आर. अर्जुन की जोड़ी को चौथी वरीयता प्राप्त चीन के लियांग वेई कांग और वांग चांग के खिलाफ 16-21, 17-21 से हार झेलनी पड़ी. वहीं मिश्रित युगल में भी भारत को निराशा मिली. रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की जोड़ी शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंगपिंग से हार गई. इसके अलावा ध्रुव कपिला और तनिशा क्रैस्टो की जोड़ी भी पांचवीं वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी गुओ शिन वा और चेन गैंग हुई के खिलाफ मुकाबला हारकर पहले ही दौर से बाहर हो गई.



## हम 51 साल का इंतज़ार खत्म करना चाहते हैं

**नयी दिल्ली.** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हम बेल्जियम और नीदरलैंड्स की संयुक्त मेजबानी में 15 अगस्त से शुरु होने वाली एफआईएच हॉकी विश्वकप में 51 साल का सूखा खत्म करने के इरादे से उतरेंगे। दिलचस्प बात यह है कि भारत के एकमात्र वर्ल्ड कप विजेता कप्तान, अजीत पाल सिंह ने भी इस टूर्नामेंट में दो बार टीम की कप्तानी की थी. उनकी कप्तानी में टीम ने 1971 में कांस्य पदक जीता और फिर 1975 में ट्रॉफी जीती, जो भारत की एकमात्र विश्व कप जीत है. हरमनप्रीत भी भारत के 51 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए उसी उपलब्धि को दोहराना चाहते हैं. पेरिस 2024 में भारत को लगातार दूसरा ओलंपिक पदक दिलाने वाले भारत के बेहतरीन डिफेंडर और ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत का मानना है कि 20 सदस्यीय टीम के पास आने वाले वर्ल्ड कप में विरोधियों को चुनौती देने के लिए जरूरी सभी खूबियां हैं.



# जिम्बाब्वे ने चुनी नई टी20 टीम

**नई दिल्ली, 22 जुलाई. भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे टीम का ऐलान कर दिया गया है. 15 सदस्यीय टीम में पहली बार विकेटकीपर-बल्लेबाज तफादजवा त्सिगा को शामिल किया गया है. इसके साथ ही ऑलराउंडर वेस्ली मधेवेरे और पेसर न्यूमैन न्यामहुरी की जिम्बाब्वे टी20 टीम में वापसी हुई है.**

ये तीनों खिलाड़ी क्लाइव मडेंडे, टिनोटेंडा मापोसा और ताशिंगा मुसेकिवा की जगह टीम में आए हैं, जो हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेलने वाली टीम का हिस्सा थे. टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 23 जुलाई को खेला जाना है. वहीं, दूसरा मैच 25 जुलाई और अंतिम मैच 26 जुलाई को होगा. सीरीज के सभी मुकाबलों की मेजबानी हरारे का हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान करेगा. जिम्बाब्वे की ओर से 10 टेस्ट मैच खेल चुके त्सिगा ने अब तक सफेद गेंद की क्रिकेट में अपना डेब्यू नहीं किया है. बांग्लादेश सीरीज के दौरान टेस्ट और वनडे टीम में शामिल रहे मधेवेरे जुलाई 2025 के बाद पहली बार टी20 टीम में लौटे हैं. वह अब तक जिम्बाब्वे की ओर से कुल 79 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल चुके हैं.

> चोट के चलते वह बांग्लादेश के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं रहे थे. न्यामहुरी की जगह बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा लेने वाले तनाका चिवांगा टीम में अपनी जगह बनाए रखने में सफल रहे हैं. टीम की कमान सिकंदर रजा के हाथों में सौंपी गई है. बांग्लादेश के खिलाफ रजा की अगुवाई में जिम्बाब्वे का प्रदर्शन शानदार रहा. टीम ने एकमात्र टेस्ट और वनडे सीरीज को दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने नाम किया था.

वहीं, न्यामहुरी इंजरी से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं.

### एक नजर में

## हशमतुल्लाह ने छोड़ी वनडे टीम की कप्तानी



**काबुल, 22 जुलाई.** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज हशमतुल्लाह शाहिदी ने वनडे टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है. शाहिदी ने सामाजिक माध्यम पर जारी अपने संदेश में कहा कि यह उनका व्यक्तिगत फैसला है और अब वह बिना कप्तानी के दबाव के खिलाड़ी के रूप में टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहते हैं. हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि वह चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे और अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे. 31 वर्षीय शाहिदी ने जनवरी 2022 में अफगानिस्तान की वनडे टीम की कमान संभाली थी. उन्होंने कुल 55 एकदिवसीय मुकाबलों में टीम का नेतृत्व किया. उनके कार्यकाल में अफगानिस्तान ने कई यादगार सफलताएं हासिल कीं. विशेष रूप से 2023 एकदिवसीय विश्व कप में टीम ने इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और नीदरलैंड जैसी मजबूत टीमों को हराकर दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा. उनकी कप्तानी में अफगानिस्तान ने एशिया कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंटों में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया. अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शाहिदी के फैसले के बाद रहमत शाह को टेस्ट और वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है. बोर्ड का कहना है कि रहमत शाह लंबे समय से टीम के उपकप्तान रहे हैं और उनके पास नेतृत्व का पर्याप्त अनुभव है. उनके साथ विकेटकीपर-बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को उपकप्तान बनाया गया है. नई नेतृत्व टीम अगले महीने आयरलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से अपनी जिम्मेदारी संभालेगी.

## कुलदीप पहली बार खेलेंगे काउंटी क्रिकेट



**लंदन 22 जुलाई.** भारतीय स्पिन स्टार कुलदीप यादव पहली बार काउंटी क्रिकेट में खेलते हुए यॉर्कशायर का प्रतिनिधित्व करेंगे. वह 24 जुलाई से दो अगस्त के बीच वन डे कप में पांच मैच खेलेंगे. इसके बाद सितंबर में लौटकर सीजन के आखिरी तीन काउंटी चैंपियनशिप मुकाबलों में भी वह हिस्सा लेंगे. कुलदीप का यह दो चरणों वाला कार्यकाल अगस्त में होने वाले भारत के श्रीलंका दौरे से पहले और बाद में होगा. माना जा रहा है कि वह इस दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे. कुलदीप को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर एक भी वनडे और टी-20 मैच में खेलने का अवसर नहीं मिला था. यह दौरा पिछले रविवार लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे के साथ समाप्त हुआ. स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर के चोटिल होने के बावजूद कुलदीप को बाहर रखने के भारत के फ़ैसले ने कई सवाल खड़े कर दिए थे. कुलदीप ने एक बयान में कहा, 'मुझे हमेशा इंग्लैंड की परिस्थितियों में खेलने की चुनौती पसंद रही है. टीम प्रबंधन से बातचीत के बाद मैं यॉर्कशायर से जुड़ने को लेकर बेहद उत्साहित हूं. मैं हेडिंग्ली में टीम के लिए सकारात्मक योगदान देने का इंतज़ार कर रहा हूं. अब तक कुलदीप तीन बार इंग्लैंड का दौरा कर चुके हैं, लेकिन वहां उन्होंने केवल एक ही टेस्ट मैच खेला है. 2018 में उन्हें लॉर्ड्स टेस्ट में खेलने का मौक़ा मिला था, जहां उन्होंने सिर्फ़ नौ ओवर की गेंदबाजी की थी.



## आज से ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेलों का आगाज

**ग्लास्गो, 22 जुलाई.** राष्ट्रमंडल खेल 2026 का आगाज आज स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में हो रहा है. उद्घाटन समारोह के साथ ही दुनिया भर के हजारों खिलाड़ी इस बहु-खेल प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं. भारतीय दल भी कई स्पर्धाओं में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है और पहले दिन से ही पदक जीतने के इरादे के साथ मैदान में उतर रहा है. भारतीय खिलाड़ियों का कार्यक्रम आज से शुरू हो रहा है और अगले कई दिनों तक अलग-अलग खेलों में उनका मुकाबला दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों से रहेगा. बैडमिंटन, मुक्केबाजी, कुश्ती, भारोत्तोलन, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स, हॉकी और अन्य स्पर्धाओं में भारत के खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं. खेलप्रेमियों की नजरें विशेष रूप से उन खिलाड़ियों पर हैं, जिनसे देश को पदक की सबसे ज्यादा उम्मीद है. उद्घाटन समारोह भारतीय समयानुसार निर्धारित समय पर शुरू हो रहा है, जबकि विभिन्न प्रतियोगिताएं पूरे दिन अलग-अलग सत्रों में आयोजित हो रही हैं. भारतीय दर्शक सभी प्रमुख मुकाबलों का सीधा प्रसारण और ऑनलाइन स्ट्रीमिंग अधिकृत प्रसारण मंचों पर देख सकते हैं. भारत का लक्ष्य इस बार भी राष्ट्रमंडल खेलों में मजबूत प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में शीर्ष देशों के बीच अपनी जगह बनाए रखना है.



# एमआई लंदन मैच में रोहित-नीता की लंबी चर्चा

**लंदन, 22 जुलाई. 'द हंड्रेड' 2026 के उद्घाटन मुकाबले में उस समय सभी की निगाहें रोहित शर्मा पर टिक गईं, जब वह ओवल मैदान में मुंबई इंडियंस लंदन का मुकाबला देखने पहुंचे.**

हाल ही में लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार 138 रन की पारी खेलने वाले रोहित ने मैदान पर पहुंचते ही प्रशंसकों का अभिवादन किया और कई लोगों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं. इसके बाद उनकी मुंबई इंडियंस की मालकिन नीता अंबानी के साथ लंबी बातचीत कैमरे में कैद हो गई. दोनों की बातचीत का कोई आधिकारिक विवरण सामने नहीं आया है, लेकिन सोशल मीडिया पर इसे लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया. कई प्रशंसकों ने कयास लगाए कि बातचीत में मुंबई इंडियंस, एमआई लंदन या भविष्य की इंडियन प्रीमियर लीग योजनाओं पर चर्चा हुई होगी.

# जूनियर स्क्वैश में भारतीय सितारों का जलवा

## अनाहत-आर्यवीर ने बढ़ाई भारत की पदक उम्मीदें



काहिरा, 22 जुलाई. वर्ल्ड जूनियर व्यक्तिगत स्क्वैश चैंपियनशिप में भारत की स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह और आर्यवीर दीवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 16) में जगह बना ली है.

दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने मुकाबले सीधे गेम में जीतकर अगले दौर का टिकट कटाया. महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में हांगकांग की पुई यिन चोले लो को 11-3, 11-1, 11-3 से हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की. पूरे मुकाबले में अनाहत ने विरोधी खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया. अब अगले दौर में उनका सामना मलेशिया की 13/16 वरीयता प्राप्त डोयस ये सैन ली से होगा. अनाहत इस प्रतियोगिता में भारत की पहली जूनियर विश्व चैंपियन बनने के लक्ष्य के साथ उतरी हैं. पुरुष वर्ग में 5/8 वरीयता प्राप्त आर्यवीर दीवान ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका के जोसेफ फीस्ट को 11-4, 11-3, 11-3 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. अगले दौर में उनका मुकाबला अमेरिका के 9/12 वरीयता प्राप्त यासीन शालाबी से होगा. भारत के अन्य खिलाड़ियों के लिए दिन निराशाजनक रहा.

> गुरवीर सिंह, युशा नफीस, सान्वी कलंकी, रुद्र सिंह और अनिका दुबे अपने-अपने मुकाबले हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए. इनमें अधिकांश खिलाड़ियों को अपने से बेहतर वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना पड़ा. टूर्नामेंट के दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले भी देखने को मिले. ब्राजील की लॉरा सिल्वा ने दो गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 3-2 से जीत लिया. वहीं मलेशिया की हरलीन टैन ने भी पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज कर अंतिम 16 में जगह बनाई.

# कुसल मेंडिस हुए एलपीएल से बाहर



**कोलंबो, 22 जुलाई. श्रीलंका के सफेद गेंद कप्तान कुसल मेंडिस हैमस्ट्रिंग चोट के कारण लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के मौजूदा सत्र से बाहर हो गए हैं.**

मेंडिस को रविवार को कैंडी रॉयल्स के खिलाफ कोलंबो कैप्स की छह विकेट से जीत के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी. उनकी गैर-मौजूदगी में, कामिंदु मेंडिस बाकी टूर्नामेंट के लिए कैप्स की कप्तानी संभालेंगे. एसएलसी की एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया, 19 जुलाई को एसएससी कोलंबो में कैंडी रॉयल्स के खिलाफ कोलंबो कैप्स के मैच के दौरान रन लेने की कोशिश करते समय मेंडिस के दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई. इसके बाद, वह अपने रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम को शुरू करने के लिए नेशनल हाई परफॉर्मेंस सेंटर लौटेंगे. यह चोट कैप्स (जिनकी कप्तानी मेंडिस कर रहे थे) और श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम, दोनों के लिए एक झटका है. राष्ट्रीय टीम को 15 अगस्त से भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलनी है. मेंडिस श्रीलंकाई टीम के लिए सभी फॉर्मेट में एक अहम खिलाड़ी हैं और उनसे भारत के खिलाफ सीरीज में विकेटकीपिंग करने की उम्मीद थी, हालांकि अभी यह पक्का नहीं है कि इस चोट के कारण वह कितने समय तक बाहर रहेंगे.

# हेटमायर के दम पर वेस्टइंडीज ने बचाई लाज

### पांचवें वनडे में दो विकेट से जीता वेस्टइंडीज

### न्यूजीलैंड ने 3-2 से अपने नाम की श्रृंखला



**ब्रिजटाउन, 22 जुलाई. वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में शानदार संघर्ष का परिचय देते हुए दो विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की.**

269 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कैरेबियाई टीम ने 47.3 ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. इस जीत के नायक शिमरॉन हेटमायर रहे, जिन्होंने 64 गेंदों में नाबाद 69 रन की संयमित पारी खेली, जबकि शेरफेन रदरफोर्ड ने 58 गेंदों पर 61 रन बनाकर उनका बेहतरीन साथ निभाया. दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 95 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को जीत की राह पर लौटाया.

वेस्टइंडीज की शुरुआत तेज रही और पहले विकेट के लिए 56 रन जुड़े, लेकिन इसके बाद टीम ने लगातार विकेट गंवा दिए. कप्तान शाई होप ने 39 और केसी कार्टी ने 20 रन बनाकर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन न्यूजीलैंड के स्पिनर जेडेन लेनॉक्स ने दोनों को आउट कर मैच में अपनी टीम की वापसी कराई. इसके बाद हेटमायर और रदरफोर्ड ने जिम्मेदारी संभाली और दबाव में शानदार बल्लेबाजी की.

## ओडिशा के 3 एथलीट राष्ट्रमंडल खेलों में उतरेंगे

**मुंबई.** ओडिशा एएम/एनएस इंडिया जिम्नास्टिक्स हाई परफॉर्मेंस सेंटर (ओडिशा एएम/एनएस जीएचपीसी) के तीन एथलीट 23 जुलाई से 02 अगस्त तक स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे. सेंटर ने तीनों एथलीटों को शुभकामनाएं दी है. आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स श्रेणी के कुल आठ एथलीटों में से तीन एथलीट तपन मोहंती, तपेश्वरनाथ दास और ओलंपियन प्रणति नायक ओडिशा एएम/एनएस जीएचपीसी का हिस्सा हैं. तपन मोहंती और तपेश्वरनाथ दास पुरुष आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स (एमएजी) श्रेणी में भारतीय पुरुष टीम का हिस्सा हैं. ओलंपियन प्रणति नायक महिला आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स (डब्ल्यूएजी) श्रेणी में भारतीय महिला टीम में हैं.

### टी-20 सीरीज़ — भारत के टी-20 कप्तान के तौर पर अपनी पहली जीत की तलाश में हैं श्रेयस

# कप्तानी में जीत का सपना लेकर उतरेंगे अय्यर



**हरारे, 22 जुलाई. भारत अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में अपनी गिरती हुई परफॉर्मेंस को सुधारने और कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में आज जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरु हो रही तीन मैचों की सीरीज में एक नई शुरुआत करने का प्रयास करेगा.**

सबकी नज़रें अय्यर पर होंगी, जो भारत के टी-20 कप्तान के तौर पर अपनी पहली जीत की तलाश में हैं. हालांकि यह दाएं हाथ का बल्लेबाज़ बैटिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन युवा टीम को संभालने और भारत की किस्मत बदलने की उनकी काबिलियत पर कड़ी नज़र रखी जाएगी, क्योंकि टीम अगले ञ20 वर्ल्ड कप साइकल के लिए तैयारी शुरू कर रही है.

यह सीरीज़ मौजूदा टी-20 वर्ल्ड चैंपियन के लिए एक अहम मोड़ है, जो आयरलैंड और इंग्लैंड में लगातार सीरीज़ हारने के बाद पिछले सात टी-20 मैचों में कोई जीत हासिल नहीं कर पाए हैं. इस अप्रत्याशित गिरावट ने भारत के आक्रामक बैटिंग स्टाइल और लीडरशिप में बदलाव पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिससे ज़िम्बाब्वे का यह दौरा सिर्फ़ एक और द्विपक्षीय सीरीज़ से कहीं ज़्यादा अहम हो गया है. आयरलैंड सीरीज से पहले भारत के नए टी-20 कप्तान बनाए गए श्रेयस अय्यर के लिए कार्यकाल की शुरुआत मुश्किल रही है; टीम को आयरलैंड के हाथों 2-0 से हार का सामना करना पड़ा और फिर इंग्लैंड में 4-0 से क्लीन स्वीप झेलना पड़ा, जबकि एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था.

> भारत ने इस साल की शुरुआत में टी-20 विश्व कप जीता था, वह जिम्बाब्वे के खिलाफ इस प्रारूप में अपने खराब दौर को खत्म करने के लिए उत्सुक होगा. बीसीसीआई ने सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और तेज गेंदबाज यश ठाकुर और अशोक शर्मा को पहली बार सीनियर टीम में बुलाया गया है. ऑलराउंडर हर्ष दुबे, जो दो वनडे मैच खेल चुके हैं, उन्हें भी पहली बार टी-20 टीम में है. टीम में काफी बदलाव किए गए हैं. मार्च में भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन को आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरों के दौरान चार मैचों में सिर्फ़ 33 रन बनाने के बाद टीम से बाहर कर दिया गया.